# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

**प्रेषक :**
**सम्बद्धता विभाग,**
**जीवाजी विश्वविद्यालय**
**ग्वालियर**

ग्राम : यूनिवर्सिटी
दूरभाष : (0751-244228 (कार्यालय)
ई-मेल : E-mail : jiwajidcdc@gmail.com

**क्रमांक : एफ/सम्बद्धता/2024/17772** **दिनांक : 02.12.2024**

प्रति,

प्राचार्य/सचिव/संचालक
समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय
सम्बद्ध जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर

विषयः- विकसित भारत यंग लीडर्स डायलोग कार्यक्रम में My Bharat (http://mybharat.gov.in) पोर्टल पर पंजीयन करने हेतु।
संदर्भः- पत्र क्रमांक 1374/रा.स./यू.ए.-32/2024 दिनांक 02.12.2024

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के परिप्रेक्ष्य में लेख है कि भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 में महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं की सहभागिता हेतु My Bharat (http://mybharat.gov.in) पोर्टल पर पंजीयन कराने के निर्देश प्रदान किये गये है।

अतः उक्त संबंध में समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य/सचिव/संचालकों को सूचित किया जाता है कि वे संलग्न पत्रानुसार निर्धारित तिथि तक महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं का My Bharat (http://mybharat.gov.in) पोर्टल पर पंजीयन कर राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 में अधिकतम युवा/विद्यार्थियों की सहभागिता कराया जाना सुनिश्चित करें एवं कृत कार्यवाही, पंजीयन किये गये छात्रों की संख्या से संबंधित विभाग को दिनांक 06.12.2024 को पूर्वान्ह में अवगत कराया जाना सुनिश्चित करें।

**संलग्नः- शासन से प्राप्त पत्र**

कुलसचिव

**प्रतिलिपि :-**

1. कुलगुरू के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. प्रभारी, आई. टी. सेल. जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचना पटल पर चस्पा करने हेतु।

डायरेक्टर
महाविद्यालयीन विकास परिषद्



Disk:E-Tarun Shrivastava/All Letter's 2024-25/D.C.D.C./J.U

राज्यपाल के प्रमुख सचिव

(कार्यालय) : 0755-2858817/2858818
(निवास) : 0755-2762522
(फैक्स) : 0755-2858816

सत्यमेव जयते

ई-मेल

क्रमांक : 1374/रा.स./यू.ए.–3/2024 दिनांक 02 दिसम्बर, 2024

प्रति,

कुलपति,
समस्त शासकीय विश्वविद्यालय
मध्यप्रदेश।

विषय :– विकसित भारत यंग लीर्डस डॉयलाग।

संदर्भ :– भारत सरकार, युवा कार्यकम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय (म.प्र.–छ.ग. ) भोपाल का पत्र कमांक पी.15/एन.एस./आर.डी/एन.पी/20224–25/3568–3573 दिनांक 30 नवम्बर, 2024

–– 00 ––

कृपया उपरोक्त विषय में भारत सरकार, युवा कार्यकम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय (म.प्र.–छ.ग. ) भोपाल से प्राप्त पत्र की प्रति संलग्न है। जिसके अनुसार कार्यकम का प्रथम चरण दिनांक 25.11.2024 से 05.12.2024 तक ''विकसित भारत क्विज'' 15 से 19 वर्ष तक के आयु के सभी युवाओं का My Bharat (http://my bharat.gov.in/) पोर्टल के माध्यम से पंजीयन कर व्यापक रूप से बड़ी संख्या में सहभागिता सुनिश्चित कराने का उल्लेख है।

अतः दो दिवसीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव –2025 को सफल बनाने हेतु स्वतः व्यक्तिगत रूचि लेकर My Bharat पोर्टल के माध्यम से क्विज में समस्त विद्यार्थियों एवं रासेयो स्वयं सेवको का पंजीयन करने हेतु संबंधितो के माध्यम से ऑनलाईन मीटिंग या आवश्यक दिशानिर्देश प्रसारित करें जिससे कि अधिकतम युवा/विद्यार्थियों/स्वयंसेवक उक्त कार्यकम में सहभागिता कर सकें।

इस संबंध में आपके द्वारा कृत कार्यवाही एवं पंजीयन किये गये छात्रों की संख्या से इस कार्यालय को दिनांक 06.12.2024 को पूर्वान्ह में अनिवार्यतः अवगत कराने के कष्ट करें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार पत्र की प्रति

(मुकेश चन्द्र गुप्ता)
राज्यपाल के प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश

भारत सरकार
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय
( म.प्र.-छ.ग. ) भोपाल

सत्यमेव जयते

**Government of India**
**Ministry of Youth Affairs & Sports**
**Regional Directorate of NSS**
**(M.P.-C.G.) Bhopal**

**F.No.P.15/NSS/RD/MP/2024-25/** 3568-3573 **Date: 30th November, 2024**

प्रति,

**प्रमुख सचिव**
**महामहिम राज्यपाल जी**
मध्य प्रदेश शासन
राजभवन, भोपाल – म.प्र.

**विषयः- विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग / Viksit Bharat Young Leaders Dialogue - संबंधी।**

*संदर्भः- मा. मंत्री, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में आयोजित ऑनलाइन बैठक दिनांक 30.11.2024*

**महोदय/महोदया,**

उपरोक्त विषयांतर्गत एवं मा. मंत्री, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में आयोजित ऑनलाइन बैठक के संदर्भ में लेख है कि **विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग / Viksit Bharat Young Leaders Dialogue दिनांक 11 और 12 जनवरी 2025 में दो दिवसीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव - 2025 का आयोजन माननीय प्रधानमंत्री जी की गरिमामयी उपस्थिति में भारत मंडपम नई दिल्ली में किया जाना है।** जिसके लिए महोत्सव का महत्त्वपूर्ण बिंदु **विकसित भारत चैलेंज के लिए प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन और विकास के लिए दृष्टिकोण/विजन डेक** आदि के माध्यम से मा. प्रधानमंत्री जी के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत करने का सुअवसर प्राप्त होगा।

जिसमें **प्रथम चरण दिनांक 25 नवंबर से 05 दिसंबर, 2024 तक विकसित भारत क्विज़ / Viksit Bharat Quiz, के लिए 15 से 29 वर्ष की आयु के सभी युवाओं को MY Bharat (https://mybharat.gov.in/) पोर्टल के माध्यम से पंजीयन कर सहभागिता कर सकेंगे।** आज दिनांक 30.11.2024 मा. मंत्री, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में आयोजित ऑनलाइन बैठक में मा. मंत्री जी द्वारा अवगत कराया गया कि मध्य प्रदेश के विश्वविद्यालय के संस्थानों के छात्र-छात्राओं की उक्त Quiz में मात्र 17 हजार सहभागिता है, जबकि लक्ष्य 2 लाख निर्धारित किया गया है।

अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि दो दिवसीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव-2025 को सफल बनाने हेतु प्रदेश के अंतर्गत आने वाले समस्त विश्वविद्यालयों के माननीय कुलगुरु/कुलपति को MY Bharat पोर्टल के माध्यम से Quiz में समस्त विद्यार्थियों एवं रासेयो स्वयंसेवकों का पंजीयन करने हेतु संबंधितों के माध्यम से ऑनलाइन मीटिंग या आवश्यक दिशा निर्देश हेतु आग्रह है, जिससे कि प्रदेश के संस्थानों के अधिकतम युवा/विद्यार्थियों/स्वयंसेवक उक्त कार्यक्रम में सहभागिता कर सके।

**आपसे आग्रह है उक्त विषय पर चर्चा हेतु समय प्रदान करने का कष्ट करें।**

सादर,

भवदीय

**(डॉ. अशोक कुमार श्रोती)**
**उप कार्यक्रम सलाहकार/क्षे.नि.**
**M: 9425166093 / 9753120070**

प्रतिलिपिः

1. **प्रमुख निज सहायक, मा. मंत्री, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय**, नई दिल्ली की ओर सूचनार्थ।
2. **प्रधान निज सहायक, सचिव, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय,** शास्त्री भवन, नई दिल्ली की ओर सूचनार्थ।
3. **निदेशक, भारत सरकार,** रा.से.यो निदेशालय शिवाजी स्टेडियम, नई दिल्ली की ओर सूचनार्थ।
4. **निज सहायक, अपर मुख्य सचिव,** उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, वल्लभ भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
5. **राज्य एनएसएस अधिकारी,** म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।